(b) Yes, Sir.

(c) The concerned officers are given training in a wide range of areas with due emphasis on economic and commercial work. At the time of selection, suitability of the officers is examined carefully in terms of their relevant experience, background, knowledge of local language, etc. The officers are also given country region specific briefings.

(d) and (e) The Ministry attaches high importance to the feedback provided by the Indian exporters and business houses with regard to their interaction with the Indian Missions abroad. While a majority has been appreciative of the assistance cooperation provided by the Indian Missions abroad, some instances do come to Ministry's notice where further improvements are called for. Appropriate follow up action is taken in consultation with the concerned Heads of Missions to overcome any such situation.

पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देने में दी जाने वाली रियायतों पर पुनर्विचार

2506. प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देने में कौन-कौन सी रियायतों व सुविधाओं की घोषणा की है ;

(ख) क्या पाकिस्तान ने भी भारतीयों को वीजा देने में उसी प्रकार की रियायतें दी हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या भारत अपनी वीजा नीति पर पुनर्विचार करेगा ?

विदेश राज्यमंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री इन्द्रजीत गुप्त) : (क) लोगों से लोगों के बीच सम्पर्क तथा विद्वानों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, संघकों, कलाकारों, व्यापारियों तथा अन्य क्षेत्रों के व्यक्तियों के बीच विचारधाराओं को बढ़ाने की अपनी नीति के अनुसरण में सरकार ने पाकिस्तानी राष्ट्रिकों को वीसा जारी करने की प्रक्रिया एकतरफा तौर पर सरल बना दी है । इसकी कुछ प्रमुख बातें इस प्रकार से हैं — (i) ऐसे शहरों की अधिकतम संख्या में वृद्धि करना जहां पाकिस्तानी राष्ट्रिक भारत की यात्रा के दौरान जा सकते हैं , (ii) पात्र पाकिस्तानी व्यापारियों को, जब भी आवश्यक हो, भारत में आने तथा यहां से जाने के लिए विभिन्न मार्ग बिन्दुओं के प्रावधान सहित एक वर्षीय बहु-प्रवेशी वीसा प्रदान करना, (iii) पाकिस्तानी राष्ट्रिकों के आवागमन तथा प्रस्थान के लिए दिल्ली और अमृतसर हवाई अड्डों तथा अटारी रेलवे स्टेशन के अलावा चेन्नई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक अतिरिक्त आव्रजन केन्द्र के रूप में खोला गया है, (iv) जहां तक सम्भव हो, अन्य के साथ-साथ कलाकारों, पत्रकारों, विद्वानों, व्यापारियों वृद्ध व्यक्तियों तथा बच्चों के लिए पुलिस रिपोर्ट में छूट वीसा प्रदान करना (v) अन्य के साथ-साथ वृद्ध व्यक्तियों कलाकारों, विद्वानों तथा पत्रकारों के लिए वीसा शुल्क माफ कर दिया गया है और (vi) पात्र प्रतिष्ठित पाकिस्तानी कलाकारों को व्यावसायिक मंचन की अनुमति सहित वीसा प्रदान करने का प्रावधान ।

(ख) जबकि पाकिस्तानी ने हिमशैल वार्तालाप के दौरान यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वह भारतीय राष्ट्रिकों के लिए वीसा प्रणाली को सरल बना रहा है, सरकार को इस संबंध में पाकिस्तान द्वारा उठाए गए कदमों की कोई जानकारी नहीं है ।

(ग) पाकिस्तानी राष्ट्रिकों की सरल यात्रा को सरल बनाने के लिए जो कदम उठाये गए हैं वे लोगों लोगों के बीच सम्पर्क बढ़ाने की हमारी नीति के अनुरूप हैं ।